केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/समन्वय/ओईसीएमएस/2022-23 01/04/2023

(अनुस्मारक)

सेवा में
परीक्षा केंद्र के रूप में निर्धारित विद्यालयों के
प्रधानाचार्य/केंद्र अधीक्षक
सत्र 2022-23
(सीबीएसई की वेबसाइट के माध्यम से)

विषयः केंद्रों द्वारा ओईसीएमएस में डाटा अद्यतन न किए जाने के संबंध में

महोदय/ महोदया,

यह इस विषय पर पूर्व में दिनांक 22.02.2023 के पत्र द्वारा जारी अनुदेशों के क्रम में है। यह देखा गया है कि इस संबंध में जारी किए गए निर्देशों के बावजूद कई परीक्षा केंद्र अभी भी ओईसीएमएस पोर्टल में परीक्षा डेटा को अद्यतन नहीं कर रहे हैं।

आप जानते हैं कि बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 15/02/2023 से प्रारंभ हो चुकी हैं। इस परीक्षा का कार्य वृहत है जिसमें विभिन्न स्तरों पर लाखों पदाधिकारी शामिल होते हैं। परीक्षाओं के बेहतर प्रबंधन और पर्यवेक्षण के लिए तथा आईपीएस के माध्यम से पदाधिकारियों के भुगतान के लिए भी दैनिक परीक्षाओं से संबंधित अभिलेखों का उचित रखरखाव और ऑनलाइन अद्यतनीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जैसा कि केंद्र अधीक्षकों के लिए दिशानिर्देशों के खंड 3.47 द्वारा सूचित किया गया है, सभी केंद्र अधीक्षकों को OECMS पोर्टल में जानकारी को अनिवार्य रूप से अद्यतन करना है। इस जानकारी का उपयोग न केवल परीक्षाओं के संचालन की दिन-प्रतिदिन की निगरानी के लिए किया जाएगा, बल्कि एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) द्वारा विभिन्न पदाधिकारियों को देय राशि की गणना के लिए भी किया जाएगा। हालांकि यह देखा गया है कि कई केंद्रों से ओईसीएमएस पोर्टल पर जानकारी अद्यतन नही हुई है और लंबित है।

यह समझा जा सकता है कि OECMS केवल अनुपस्थिति विवरण प्रस्तुत करने के लिए नहीं है। यदि स्कूल ओईसीएमएस पर किसी विशिष्ट दिन के लिए जानकारी प्रस्तुत नहीं करता है, तो उस विशिष्ट दिन के भुगतान की आईपीएस में गणना नहीं की जाएगी। OECMS डेटा प्रतिदिन प्रस्तुत किया जाना है भले ही केंद्र में कोई अनुपस्थित न हो।

केंद्र पर परीक्षा के सभी दिनों के लिए सही और अद्यतन ओईसीएमएस डेटा के अभाव में आईपीएस के माध्यम से विभिन्न परीक्षा पदाधिकारियों का भुगतान संभव नहीं होगा।

इसलिए यह एक बार पुन: निर्देशित किया जाता है कि ओईसीएमएस पर डेटा को अद्यतन/जमा करने की गतिविधि दैनिक आधार पर की जानी है। उन केंद्रों के मामले में जहां बाह्य केंद्र अधीक्षक नियुक्त किए गए हैं, केंद्र विद्यालय दैनिक आधार पर ओईसीएमएस डेटा को अद्यतन करने की सभी व्यवस्थाएं करेगा।

OECMS पोर्टल में परीक्षाओं के सभी दिनों के परीक्षा डेटा को अद्यतन किए जाने का कार्य 8 अप्रैल 2023 तक पूरा हो जाना चाहिए।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in

सभी केंद्र/ केंद्र अधीक्षक इसके सख्ती से अनुपालन किए जाने के लिए ध्यान दें।

हस्ता/-
(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

प्रति:-

1. क्षेत्रीय निदेशकों/अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के अनुरोध के साथ कि सभी परीक्षा केंद्र 08 अप्रैल 2023 तक पोर्टल पर ओईसीएमएस डेटा अद्यतन कर लें।
2. वेब-प्रबंधक को सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु